कार्यालय :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।
BLOCK-A, VAN BHAWAN, PURULIA ROAD, CHAS, BOKARO-827013
E-mail : dfo-bokaro@gov.in & bokarodfo@gmail.com *Phone/Fax No : +91-6542-265142*

पत्रांक :– 2415 दिनांक :– 27/08/2021

सेवा में,

महाप्रबंधक,
कोतरे बसंतपुर पचमो कोल परियोजना,
सी0सी0एल0, दरभंगा हाउस,
कुतचेरी रोड, राँची (झारखण्ड)
पिन नं0–834029

विषय :– मेसर्स कोतरे बसंतपुर पचमो खुली खदान परियोजना हेतु 372.98 हे0 वनभूमि अपयोजन के प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग :– इस कार्यालय के पत्रांक–2176 दिनांक–10.07.2019, ज्ञापांक–2438 दिनांक–03.08.2019, पत्रांक–2509 दिनांक–09.08.2019, पत्रांक–1719 दिनांक–25.06.2021 एवं पत्रांक–2059 दिनांक–28.07.2021 तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची का ज्ञापांक–921 दिनांक–02.08.2021, आपका पत्रांक–724 दिनांक–05.08.2021, इस कार्यालय का पत्रांक–2175 दिनांक–06.08.2021 एवं पत्रांक–2302 दिनांक–17.08.2021

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र का कृप्या अवलोकन किया जाय मेसर्स कोतरे बसंतपुर पचमो खुली खदान परियोजना हेतु 372.98 हे0 वनभूमि अपयोजन के प्रस्ताव जुन 2019 में समर्पित किया गया है। प्रस्ताव के अवलोकनोपरान्त प्रासंगिक पत्र द्वारा बिन्दुवार अनुपालन प्रतिवेदन की मांग की गई है, जो अबतक अप्राप्त है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–746 दिनांक–28.06.2021 द्वारा स्पष्ट किया गया है कि प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा भरे जाने वाले Form-A Part-I जिन पर प्रयोक्ता अभिकरण का नाम, पदनाम एवं तिथियुक्त हस्ताक्षर अंकित रहता है को प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा E-Parivesh Portal पर Upload किया जाना है। पत्रांक–746 दिनांक–28.06.2021 की छायाप्रति प्रासंगिक पत्र द्वारा आपको उपलब्ध कराया गया है। साथ ही वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत् ऑनलाईन प्रस्ताव के साथ समर्पित किये जाने वाले कुल–19 अभिलेखों से संबंधित सूची की छायाप्रति आपको उपलब्ध कराते हुए प्रस्ताव की सभी प्रति इस प्रमण्डल से प्राप्त कर प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–746 दिनांक–28.06.2021 के आलोक में सभी अभिलेखों पर नाम, पदनाम एवं तिथियुक्त हस्ताक्षर अंकित कर सम्पूर्ण अनुपालन के साथ प्रस्ताव समर्पित करने का अनुरोध किया गया है। परन्तु आपके द्वारा इसका अनुपालन नहीं करते हुए E-Parivesh Portal पर त्रुटिपूर्ण अनुपालन प्रतिवेदन Upload किया गया है।

अतः पुनः अनुरोध है कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची के द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में एवं कुल–19 अभिलेखों की सूची का सम्पूर्ण अनुपालन प्रतिवेदन E-Parivesh Portal पर Upload करते हुए कुल–09 प्रतियों में संशोधित प्रस्ताव की हार्डकॉपी इस कार्यालय को समर्पित कराना सुनिश्चित किया जाय। ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन,

27/8/21

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

27/8/2021

D:\Office\D.F.O.Office Bokaro\F.C.Act\Satender Sir\Misc.docx